आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात में प्रभास पाटन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की भव्य शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया।

2. 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से कल रैली का आयोजन किया जाएगा।

3. ग्रामीण विकास निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने आज लक्ष्मीनगर ग्राम पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन के उद्‌घाटन अवसर पर जी एन आई परियोजना पर चर्चा की।

4. शिक्षकों के लिए आयोजित क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफार्मों के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल ऐतिहासिक गौरव का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सोमनाथ मंदिर यात्रा से परिचित कराने का अवसर भी है। श्री मोदी ने कहा कि यह पर्व अटूट आस्था और समर्पण का पर्व है। प्रधानमंत्री ने विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने आज गुजरात में प्रभास पाटन में श्री मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की भव्य शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ की रक्षा करने वाले अनगिनत योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी।

श्री मोदी ने कहा कि यह पर्व केवल ऐतिहासिक वैभव का प्रतीक नहीं, बल्कि यह सोमनाथ मंदिर की अनंत यात्रा को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का अवसर भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सभ्यता हमें दूसरों को परास्त करना नहीं, बल्कि संतुलित जीना जीवना सिखाती है। उन्होंने यह भी कहा कि सोमनाथ घृणा या विध्वंस का नहीं, बल्कि प्रेम का संदेश देता है।

<><><><><><><>

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाने के लिए खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से कल रैली का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग, जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, नेहरू युवा केंद्र, भारतीय खेल प्राधिकरण और रामकृष्ण मिशन के सहयोग से आयोजित यह रैली नेताजी स्टेडियम से सुबह छः बजे शुरू होगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कॉलेज स्थित विवेकानंद प्रतिमा पर जाकर सम्पन्न होगी। मुख्य समारोह जेएनआरएम परिसर से सुबह सात बजकर पन्द्रह मिनट से आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा निदेशालय और उप शिक्षा अधिकारी, विम्बर्लीगंज की ओर से आज "नॉर्थ बे रोड मैराथन–6.0" का आयोजन किया गया। इस दौड़ में विम्बर्लीगंज शैक्षिक अंचल क्षेत्र के पुरुषों, महिलाओं और स्कूली छात्रों ने भाग लिया। पुरूष और महिला श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिता में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान पुरुषों और लड़कों की श्रेणी को लेफ्टिनेंट कर्नल सचिन पावस्कर ने, जबकि महिला और छात्राओं की श्रेणी को डॉ. मनहरण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने युवा पीढ़ी को हर महीने मैराथन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आठ फरवरी को होने वाली "अंडमान मैराथन" में शामिल होने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य मरियम बीबी, कन्यापुरम ग्राम प्रधान पी. अब्दुल बशीर और विम्बर्लीगंज पंचायत प्रधान वेंकट राम बाबू भी उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के लक्ष्मीनगर ग्राम पंचायत में निर्मित नए पंचायत भवन का आज ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और पंचायत निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रधान ने जी एन आई परियोजना से संबंधित मुद्दों और स्थानीय लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं तथा मांगों को ग्रामीण विकास निदेशक के समक्ष रखा। डॉ. अपूर्व शर्मा ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी आवश्यक मांगों को संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर क्षेत्र के पंचायत समिति प्रमुख ई एस राजेश, जिला परिषद सदस्य लीला बाटी, खंड विकास अधिकारी शेखर राय और पंचायत प्रधान प्रह्लाद सिंह उपस्थित थे।

<><><><><><><>

"प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से बुनियादी शिक्षा शिक्षकों को केआरपी के रूप में सशक्त बनानाः टैबलेट के माध्यम से कक्षा शिक्षण को बढ़ाना" विषय पर आयोजित तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डाइट की प्राचार्या संगीता चंद ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल को अपने संबंधित स्कूलों, क्लस्टरों और शैक्षिक क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से साझा करने आग्रह किया। प्रशिक्षण के दौरान टीम ने विभिन्न राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफार्मों के प्रभावी उपयोग का प्रदर्शन किया, जिनमें दीक्षा, ई–पाठशाला, ई–जादुई पिटारा, पीएम ई–विद्या चैनल शामिल है। इसके अलावा शिक्षकों को बुनियादी कक्षाओं में शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए कैनवा, स्टॉप मोशन एनिमेशन टूल और एआई–आधारित टूल्स जैसे नवीन ऐप्लीकेशन्स के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान ओपन शतरंज टूर्नामेंट कल लिटिल अंडमान के चिदंबरम पार्क में संपन्न हुआ। शिक्षा निदेशालय द्वारा लिटिल अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र और पंचायती राज संस्थानों के सहयोग से आयोजित यह टूर्नामेंट क्षेत्र में शतरंज को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। टूर्नामेंट का उद्घाटन पंचायत समिति प्रमुख एस. परमानथन ने क्षेत्रीय अधिकारी प्रभाष राय के खिलाफ औपचारिक चाल चलकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हटबे पंचायत के प्रधान के. रुद्रमूर्ति उपस्थित थे। टूर्नामेंट पाँच राउंड के कड़े मुकाबले के बाद संपन्न हुआ। ओपन श्रेणी में मनोज कुमार दास को पहला, अश्विन को दूसरा और धनराज को तीसरा स्थान हासिल हुआ। छात्र श्रेणी में निष्ठा मालाकार ने प्रथम, ऋषिक कुमार बी. ने द्वितीय और अपरूप मिंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>